卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 70 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦17 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत

### बेरिया रोड पर शिवपुरी के पास तड़के हुआ हादसा



बाजपुर(उद संवाददाता)। बेरिया रोड पर शिवपुरी के पास तड़के बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। दोनों मृतक शादी विवाह में खाना बनाने का काम करते थे उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चकरपुर बाजपुर निवासी 25 वर्षीय संजय सिंह पुत्र विजय सिंह और वार्ड नं. 6 केशवनगर बाजपुर निवासी 34 वर्षीय हरीश शर्मा पुत्र श्री पाल शर्मा रविवार तड़के चार बजे बाइक से किसी विवाह कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए जा रहे थे। बेरिया रोड पर शिवपुरी के पास उनकी बाइक और दूसरी ओर से आ रही कार संख्या यूके 18 एम 3322 की जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में दोनों वाहन(शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़कों पर उतरे खनन व्यवसायी मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

लालकुआं(उद संवाददाता)। गौला, नंधौर, कोसी एवं दाबका नदियों में खनन को लेकर परिवहन विभाग एवं खनन विभाग से आ रही दिक्कतों को दूर करने में उत्तराखंड सरकार को असफल बताते हुए क्षेत्र के खनन व्यवसायियों ने बिंदुखत्ता से लालकुआं तक जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और लालकुआं चौराहे



पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। तय कार्यक्रम के अनुसार लालकुआं गौला निकासी गेट से सैकड़ो खनन व्यवसाईयों ने जुलूस निकालते हुए गौला रोड एवं लालकुआं मुख्य बाजार में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान खनन व्यवसायियों ने जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है सहित (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री में क्रेन ऑपरेटर की संदिग्ध मौत, हंगामा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित गलवालिया इस्पात में देर रात क्रेन ऑपरेटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने सुबह देर तक फैक्ट्री गेट पर हंगामा काटा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जनपद गाजीपुर उत्तर प्रदेश लोदीपुर जमानिया कस्बा निवासी 36 वर्षीय तस्लीम अंसारी पुत्र हबीब अंसारी पिछले कुछ वर्षों से यहां



कुंडेश्वरा में किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हुए गलवालिया इस्पात में बतौर क्रेन ऑपरेटर नौकरी करता था। पता चला है कि रोजाना की भांति शनिवार को भी वह नाइट ड्यूटी पर आया। ड्यूटी के दौरान रात्रि लगभग 10 बजे प्लांट के स्क्रैप यार्ड में अचेत होकर गिर पड़ा। फैक्ट्री कैन कर्मचारियों को जैसे ही इसका पता चला उनमें अफरातफरी मच गई। प्रबंधन को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल जमीन पर पड़े क्रेन ऑपरेटर को उठाकर उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल भिजवाया जहां परीक्षण के दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)

### राजमिस्त्री की मौत,परिवार में कोहराम

काशीपुर। राजमिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक बेरिया दौलत बाजपुर निवासी फूल सिंह 35 वर्ष पुत्र शिवचरण सिंह बीती शाम घर में मौजूद था इसी दौरान उसकी हालत अचानक बेहद गंभीर हो गई और पलक झपकते ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है।

### धोखाधड़ी कर खाते से उड़ाये 75 हजार

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर चौकी अंतर्गत एक युवक से फाइनेंस एग्जीक्यूटिव बनकर आए अज्ञात व्यक्ति ने 75200 खाते से निकाल कर ठगने का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी मदन लाल पुत्र राम बहादुर निवासी नीलकंठ विहार कॉलोनी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि विगत दिनों टाटा फाइनेंस कंपनी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बनकर आए एक युवक ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 75200 रुपए(शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियंत्रित कार ने बाईक सवार को रौंदा, गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि एसएसपी कैम्प कार्यालय के सामने तेज गति से जाती कार के चालक ने सामने से एक बाईक सवार व्यक्ति को रौंद दिया। जिससे बाईक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की तहरीर पुलिस की दे दी गई है। रम्पुरा वार्ड 23 निवासी सोनू पुत्र हर प्रसाद ने बताया कि 16 दिसंबर की रात्रि 9:15 बजे उसका भाई नन्द लाल प्रीत विहार से घर अपनी स्कूटी संख्या यूके 06एएच 2766 से जा रहा था। तभी एसएसपी कैम्प कार्यालय के सामने मोड़ पर एक



कार संख्या यूके 08 बीसी 7326 का चालक जो गलत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहा था ने उसके भाई को समाने से जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी वजह से भाई रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से लहुलहान हो गया। कार चालक को रहागीरो द्वारा रोकने की कोशिश की गई। लेकिन कार चालक कार लेकर भाग गया। भाई को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा उसकी हालत को गम्भीर बताते हुए रेफर कर दिया जिसकी हालत काफी गम्भीर बनी हुई है। स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

त्वमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।
तत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्॥



अन्तिम अरदास
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरा पुत्र तपस्वी कक्कड़ (मिक्कू) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 09 दिसम्बर 2023 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शान्ति के लिए अन्तिम अरदास दिनांक 18 दिसम्बर 2023, सोमवार को दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक, स्थान-पाँच मन्दिर, मेन बाजार, रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।
-: शोकाकुल परिवार :-
स्व. सुनील कक्कड़ (पिता) एवं मधु कक्कड़ (माता)
ऋषि कक्कड़ (बड़े भाई), पूजा कक्कड़ (भाभी)
मुनि कक्कड़ (बड़े भाई), आराध्या एवं हैमान्या कक्कड़ (भतीजी)
पूर्व सांसद बलराज पासी (मामा जी)
समस्त कक्कड़ परिवार एवं पासी परिवार

## 'जीत की तिकड़ी' के लिए 'बीजेपी' की नई 'व्यूह रचना'

### आम चुनाव कुछ नया करने के फिराक में बीजेपी, बूथ स्तर पर बनाई जा रही है ग्यारह-ग्यारह कार्यकर्ताओं की टोलियां, टोलियों के सम्मेलनों केआयोजन की शुरुआत शीघ्र

**-अर्श-**

रूद्रपुर। वैसे तो भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड में होने वाले प्रायः सभी चुनाव ,चाहे वह लोकसभा व विधानसभा के चुनाव हों अथवा नगर निकाय, पंचायत व सहकारिता के हों, बड़ी गंभीरता और पूरी तैयारी से लड़ती और जीतती आई है ,लेकिन आगामी आम चुनाव में उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर जीत की तिकड़ी लगाने के लिए भाजपा आजकल एक खास रणनीति पर काम कर रही है और उसने आम चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने संबंधी तमाम आवश्यक चुनावी तैयारी के अलावा एक नई व्यूह रचना भी कर ली है। इस नई व्यूह रचना के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तराखंड के सभी पोलिंग बूथ, जिनकी संख्या साढ़े ग्यारह हजार से अधिक है ,में बूथ स्तर पर ग्यारह- ग्यारह कार्यकर्ताओं की विशेष टोलियां बनाने का काम लगभग पूरा कर चुकी है। इन टोलियों को पार्टी की रीति-नीति के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों संबंधी जानकारी से पूरी तरह लैस किया जाएगा और ये अपने -अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क में रहेंगी। बताना होगा कि भाजपा की चुनावी रणनीति में बूथ जीता-चुनाव जीता का मूलमंत्र अहम भूमिका निभाता आया है। इस कड़ी में पार्टी सभी बूथों पर पन्ना प्रमुखों की नियुक्तियां करती आई है।



इसके तहत प्रत्येक बूथ की मतदाता सूची के एक-एक पृष्ठ की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को सौंपी जाती है। इन्हें ही पन्ना प्रमुख कहा जाता है, जो अपने पन्ने में अंकित मतदाताओं की चिंता करते है। इस बार पार्टी पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति करने के साथ ही हर बूथ पर 11-11 कार्यकर्ताओं की टोलियां भी बना रही है। बूथ स्तर पर गठित टोलियों को भी अपने-अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क का जिम्मा दिया जाएगा। ये टोलियां पार्टी की हर छोटी-बड़ी उपलब्धि संबंधी जानकारी से पूरी तरह लैस हों, इसके लिए इनके सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई गई है। सम्मेलन के आयोजन की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दी जाएगी। सम्मेलन के समापन के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम की रिपोर्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को प्रेषित करेंगे तथा प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से यह रिपोर्ट राज्य के प्रभारी महासचिव तक होती हुई भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को प्राप्त होगी। हासिल जानकारी के अनुसार सम्मेलनों में टोलियों के कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, कल्याणकारी योजनाओं समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी से लैस किया जाएगा। उसके बाद ये टोलियां मत दाताओं से संपर्क साधेंगी। गौर तलब है कि अपनी ऐसी ही संगठनात्मक तैयारी के कारण भारतीय जनता पार्टी 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक उत्तराखंड की सभी पांचो लोकसभा सीट पर अजेय बनी हुई है। अब बूथ स्तर पर ग्यारह-ग्यारह कार्य कर्ताओं की टोलियां बनाने की यह अतिरिक्त संगठनात्मक तैयारी, भाजपा की जीत के अंतर को और कितना बढ़ा पाती है? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# बाल संप्रेक्षण गृह की दोनों महिला कर्मचारियों को किया सस्पेंड

## संरक्षण गृह में नाबालिग को किसी मकान में ले जाकर होता था दुष्कर्म,खुलासा होने पर मंत्री रेखा आर्या ने लिया त्वरित एक्शन

नैनीताल(उद ब्यूरो)। हल्द्वानी शहर के एक संरक्षण गृह की नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात हल्द्वानी कोतवाली में संस्थान की ही दो महिला कर्मचारियों समेत अन्य के खिलाफ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं इस मामले में बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने संज्ञान लिया है। दीपा आर्या, अनुसेवक, जिला शरणालय एंव प्रवेशालय, हल्द्वानी को आरोपों के आधार पर निलंबित किया गया है। वहीं, महिला कल्याण एवं पुर्नवास केंद्र, हल्द्वानी में होमगार्ड विभाग के माध्यम से तैनात गंगा को तत्काल प्रभाव से विभाग को वापस किया गया है। प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण विशेष की निष्पक्ष विभागीय जांच के लिए दो सदस्य समिति का गठन कर दिया गया है। इस दौरान मंत्री रेखा आर्य ने कहा जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी और पुलिस जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसमें माननीय न्यायालय द्वारा फैसला किया जाएगा। हल्द्वानी में एक दृष्टिबाधित संस्थान में लड़कियों के यौन उत्पीड़न का मामला शांत भी नहीं हुआ कि अब शहर के एक संरक्षण गृह की नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात हल्द्वानी कोतवाली में संस्थान की ही दो महिला कर्मचारियों समेत अन्य के खिलाफ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बीते दिनों संरक्षण गृह के निरीक्षण को पहुंचीं एक न्यायिक अधिकारी को नाबालिग ने अपनी पीड़ा बताई, तब मामले का खुलासा हुआ। जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य रविंद्र रौतेला की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक, संरक्षण गृह की दो महिला कर्मचारी 15 वर्षीय नाबालिग को केंद्र से बाहर दूसरी जगह किसी मकान में ले जाती थीं, जहां उसके साथ दुष्कर्म होता था। विरोध करने पर उसे धमकाया जाता था और मारपीट भी की जाती थी। हल्द्वानी के बाल संप्रेक्षण गृह की दो महिला कर्मचारियों पर सर्वेक्षण गृह में रह रही नाबालिग के साथ दुष्कर्म करवाने के मामले का बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने संज्ञान लिया है। कैबिनेट मंत्री में दोनों आरोपी महिला कर्मचारियों को आरोपों के आधार पर तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश जारी कर दिए है। रेखा आर्य ने कहा कि जीरो टॉलरेंस की सरकार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाल विकास मंत्री ने आरोपी कर्मचारी दीपा आर्या, अनुसेवक, जिला शरणालय एंव प्रवेशालय और गंगा महिला कल्याण एवं पुर्नवास केन्द्र, होमगार्ड विभाग के माध्यम से तैनात को तत्काल प्रभाव से तत्कालिक प्रभाव से निलंबित किया है। इसके साथ ही प्रकरण की निष्पक्ष विभागीय जांच के लिए दो सदस्य समिति का गठन किया गया है। बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। विभागीय मंत्री ने साफ कहा कि पुलिस जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसमें न्यायालय द्वारा फैसला किया जाएगा। हल्द्वानी के बाल संप्रेक्षण गृह की दो महिला कर्मचारियों सर्वेक्षण गृह में रह रही नाबालिग को बाहर ले जाकर दुष्कर्म करवाती थी। पूरे मामले में बाल कल्याण समिति के सदस्य रविंद्र रौतेला की तहरीर पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने बाल संप्रेक्षण गृह हल्द्वानी की दो महिला कर्मचारियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।






## भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा : दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में बाल संप्रेक्षण गृह में महिला कर्मचारियों द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करवाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस ने हल्द्वानी में बढ़ रहे अपराध को लेकर राज्य सरकार पर जुबानी हमला बोला है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि हल्द्वानी अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। पिछले चार महीने में हल्द्वानी के भीतर तीन महिला अपराध से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन कार्यवाही के नाम पर बस खानापूर्ति कि जा रही है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि हल्द्वानी में संरक्षण गृह की नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ है। जिसमें बाल संप्रेक्षण गृह की महिला कर्मचारी ही संलिप्त पाई गई है। पूर्व में हल्द्वानी में जेल के भीतर ही 52 अपराधियों में एसआईवी की पुष्टि हुई थी। जो सवालों के घेरे में है।कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि हल्द्वानी में ही दृष्टिबाधित संस्थान में बच्चियों के साथ शोषण किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने राज्य सरकार से महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लग सके।



# ऋषिकेश में मिली 12 दिनों से लापता युवती की जली हुई लाश

## फॉरेंसिक टीम ने जुटाये नमूने: अर्जुन 2-2 घंटे करता था बात और शादी से इनकार कर दिया

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के ढालवाला से लापता हुई युवती का शव शनिवार को देहरादून रोड के जंगल से मिला है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। सूचना मिलते ही अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर सबूत इकट्ठा करने के लिए हरिद्वार और देहरादून से फोरेंसिक टीमों को बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में प्रेम-प्रसंग के एंगल से जांच की जा रही है। दरअसल पुलिस 12 दिनों से लापता 22 साल की विनीता की तलाश कर रही थी। तलाशी के दौरान देहरादून रोड के पास जंगलों में पुलिस को गंभीर हालत में एक जला हुआ शव मिला। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव की पहचान विनीता के रूप में करने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। घटनास्थल पर संदिग्ध वस्तुएं मिलने के कारण साक्ष्य जुटाने के लिए देहरादून और हरिद्वार से फोरेंसिक टीमों को बुलाया गया है।पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक जांच से पता चला है कि विनीता का अर्जुन सिंह नाम के युवक से प्रेम प्रसंग था। शायद उनके बीच अनबन हो गई और उसके बाद अर्जुन रावत ने विनीता से शादी करने से इनकार कर दिया। विनीता 4 दिसंबर को बाजार जाने की बात कहकर गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। फिलहाल, हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है और विनीता के रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं, विनीता के चाचा गजेंद्र कंडियाल ने बताया कि उसने आखिरी बार अर्जुन सिंह नामक लड़के से बात की थी, जो कि टिहरी जिले के प्रताप नगर क्षेत्र का रहने वाला है। वह विनीता से 2-2 घंटे बात करता था और शादी से इनकार कर देता था। नरेंद्र नगर की सीओ स्मिता ममगाईं ने बताया कि पुलिस मामले की सक्रियता से जांच में जुटी है। विनीता के परिजनों से पूछताछ कर रही है और हर दृष्टिकोण से घटना की गहनता से जांच कर रही है।







# 1971 की विजय भारत के लिए ऐतिहासिक पल: बहुगुणा

सितारगंज(उद संवाददाता)। विजय दिवस पर शहीद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बतौर अति विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भारतीय सेना के बहादुर नायकों के शौर्य, वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सितारगंज के सैनिक मिलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य साहस के बल पर इतिहास ही नहीं बल्कि विश्व के मानचित्र में भूगोल भी बदल दिया था। उनका बलिदान और अटूट भावना हमेशा लोगों के दिलों और हमारे देश के इतिहास में अंकित रहेगी। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एयर मार्शल केडी सिंह परम विशिष्ट सेवा मेडल व अति विशिष्ट सेवा मेडलसे सम्मानित पूर्व सेना अधिकारी ने कहा भारत उनके साहस को सलाम करता है और उनकी अदम्य भावना को याद करता है।' 1971 की भारत- पाकिस्तान की लड़ाई में 16 दिसंबर के दिन ही पाकिस्तान ने ढाका में भारत के सामने आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। उस लड़ाई में पाकिस्तान के 93 हजार से अधिक सैनिकों ने भारतीय सेना की बहादुरी के आगे घुटने टेकते हुए आत्मसमर्पण कर दिया था। 16 दिसंबर की उसी तारीख को भारत में हर साल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।गौरव सेनानी संगठन सितारगंज इकाई के द्वारा शहीद सैनिको के चित्रों पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गौरव सेनानी संगठन सितारगंज इकाई के अध्यक्ष कैप्टन आत्मा सिंह ने कहा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों का बलिदान अभूतपूर्व है वहीं 1971 भारत-पाक युद्ध में शामिल वीर योद्धा एयर मार्शल के० डी० सिंह ने युद्ध के अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं कैप्टन आरपी रैखाली ने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भारतीय सेना को खुली छूट देते हुए भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत को आंख दिखाने वाले दुश्मनों को घर में घुसकर मारने का काम किया है परिणाम स्वरुप भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान के दांत खट्टे करें वही कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों व युद्ध में शामिल हुए जवानों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बहुगुणा ने वीर नारियों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा 16 दिसंबर 1971 वही ऐतिहासिक दिन है जब पाक जनरल नियाजी ने भारतीय सेना के जनरल एस मानेकसा के सामने अपनी पिस्तौल रखते हुए संधि के कागजों पर दस्तखत किए थे। आज का दिन देशवासियों को भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य की याद दिलाता है और दिलाता रहेगा।कार्यक्रम संचालन नायक आनंद बल्लभ भट्ट के द्वारा किया गया तथा संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य कैप्टन आरपी खाली,कैप्टन जितेंद्र सिंह, कैप्टन गंगा सिंह, कैप्टन दीवान सिंह, नायक बहादुर सिंह, हवलदार बनवीर सिंह नायक सुभद्रा, गजेंद्र सिंह, सूबेदार गगन सिंह, सूबेदार राम सिंह, नायक दिलीप चंद, शिवाई देवी दत्त, हवलदार चंद्र सिंह कार्की, नायक भोजराज, लांस नायक किशन सिंह, हवलदार अजय सिंह, सूबेदार मेजर पूरन सिंह, सूबेदार टहल सिंह, सूबेदार मनोहरधर तिवारी, हवलदार नर्सिंग सूबेदार खड़क सिंह, सूबेदार हरिश्चंद्र, कैप्टन त्रिलोचन सिंह, कैप्टन जयभान सिंह आदि मौजूद रहे।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कार सवार बदमाशों ने तमंचा व चाकू से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं काशीपुर मार्ग पर कार सवार अज्ञात बदमाशों ने दो युवकों पर तमंचा की बट और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रिन्कु पुत्र हरस्वरूप निवासी प्रीत विहार कालोनी फाजलपुर महरौला ने कहा है कि 14 दिसम्बर की शाम वह अपने दोस्त रवि दिवाकर पुत्र नरेन्द्र पाल निवासी प्रीत विहार कालोनी फाजलपुर महरौला के साथ अपनी बाईक से घर आ रहा थे। तभी काशीपुर मार्ग पर निजी अस्पताल के पास कार सवार 3 अज्ञात लड़को हाथ देकर रोका। जैसे ही बाईक रोकी तीनों व्यक्ति कार से उतरे और उनके हाथ में चाकू व तंमचा मौजूद था। जिन्होने उन पर जान लेवा हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसी बीच उसका दोस्त अनिल पुत्र जय नारायण निवासी रम्पुरा वार्ड 24 रास्ते से गुजर रहा था जा उन्हें देखकर रूक गया। तीनो व्यक्तियो ने उस पर भी चाकू व तंमचा से हमला किया पर वह रोड पार कर भाग गया। कार संख्या यूके 04 जे 0013 में सवार तीनो व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी कार लेकर इन्द्रा चौक की तरफ भाग गये। दोस्त ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।भाजपा एसटी मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव के उत्तराखंड पहुंचने पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेकदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का हित सुरक्षित है हमारी पार्टी सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखती है और उन्हें सम्मान देती है। इसीलिए आज भाजपा भारत ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी



राजनीतिक दल बन चुकी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से जनजातीय समुदाय को विशेष सम्मान दिया गया, इस सरकार ने जनजातीय समुदाय के नेता एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रही है और जनजातीय समुदाय की द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाकर जनजाति समुदाय के लोगों को सम्मानित किया। मोदी जी की सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते है और बिना भेदभाव के विकास करते है।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश भाटिया, किशन गोयल,श्रीमति लता सिंह,विवेक राय ,धीरेन्द्र प्रताप सिंह,स्वतंत्र राय,ओम तनेजा,प्रहलाद खुराना,विशाल चौहान,पराग अग्रवाल,राम अवतार अग्रवाल ,राकेश गुप्ता,महेंद्र पाल,शैली फुटेला,माधुरी विशेन,प्रेम लता चौहान,कांति सक्सेना,सरीफ मलिक,सुझाती यार खघन रेणुका चौधरी,आदि लोग उपस्थित थे।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन व सिरिंज के साथ पुलिस में एक शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार युवक का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने बाबरखेड़ा गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक शख्स को दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम बाबर खेड़ा निवासी बबलू पुत्र नादान शाह बताया। तलाशी में उसकी कब्जे से पुलिस को डायजापाम के 76 इंजेक्शन तथा 10 सिरिंज बरामद हुई।

# पुलिस टीम ने दबोचे दो चरस तस्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि बनभूलपुरा थाना पुलिस व एनटीएफ ने संयुक्त रूप से गश्त दौरान दो नशा तस्करों को 208 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित बनभूलपुरा पुलिस व जिला स्तरीय एएनटीएफ टीम द्वारा गश्त के दौरान गौला पार्किंग के पास बनभूलपुरा से संदिग्ध रूप से घूमते दो नशा तस्करों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सलमान पुत्र नाजीर हुसैन निवासी गफ्फारी मस्जिद के सामने थाना बनभूलपुरा तथा इस्लाम पुत्र मौ. अजगर निवासी नई बस्ती, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 208 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि मौ. इस्लाम उपरोक्त पूर्व में भी चरस तस्करी में जेल जा चुका है। पुलिस ने बरामद चरस कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि. निधि शर्मा, का. भूपेन्द्र ज्येष्ठा, राजेन्द्र जोशी व अरविन्द सिंह कार्की शामिल थे।



# सौतेले पिता ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज

किच्छा। रिश्ते को तार तार करते हुए सौतेले पिता ने 12 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि किसी को इस बारे में बताने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। गुमसुम रहने पर मां ने उससे कारण पूछा तो उसने आपबीती बताई। कोतवाली पुलिस के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह मूलरूप से यूपी के पीलीभीत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। वह अपने दूसरे पति के साथ क्षेत्र के एक गांव में रहती है। उसकी 12 साल की बेटी है। उसके दूसरे पति ने उसकी नाबालिग बेटी से कई बार दुष्कर्म किया और विरोध करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ ओमप्रकाश का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# विजय दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में गोष्ठी आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। विजय दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के रोवर -रेंजर इकाई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भास्करानंद पांडे, उपखंड शिक्षाधिकारी,गदरपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना तथा मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय की वॉल ऑफ हीरोज के सम्मुख दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित कर अमर वीर शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर श्रीहरि प्रसाद द्वारा विजय दिवस के संबंध में गोष्ठी में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री भास्करानंद पांडे द्वारा छात्र- छात्राओं को विजय दिवस के अवसर पर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में सहयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दिए गए अपने संबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा विजय दिवस के महत्व को बताते हुए छात्र-छात्राओं को देश हित में सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के रोवर -रेंजर इकाई प्रभारी श्री प्रमोद वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अर्चना वर्मा डॉ. तनुजा परिहार डॉ. प्रभजोत कौर, तथा समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे रहे।



# उपनिबंधक कार्यालय में धांधली, दलाल प्रॉपर्टी डीलर तथा बिल्डरों का जमावड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)। उपनिबंधक कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री को लेकर बड़े पैमाने पर चल रही धांधली का मामला प्रकाश में आया है। इस कार्यालय में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिछले कई वर्षों से जुगाड़ के बूते जमा हुआ है। सूत्र बताते हैं कि इसी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा एक बाबू के सहारे बैनामा तथा रजिस्ट्री कराने वालों को गुमराह करते हुए उनसे सुविधा शुल्क वसूल किए जाने का काम किया जा रहा है। पिछले कुछ समय से प्रॉपर्टी डीलर तथा बिल्डर उप निबंधक कार्यालय के आसपास जमें नजर आ रहे हैं। सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दलालों का डेरा है। यह दलाल रजिस्ट्री करने के सब रजिस्टार तथा कर्मचारियों से सेटिंग कर गलत कामों को सलीके से अंजाम दे रहे हैं।

# प्रो.संतोष कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन

नैनीताल (उद संवाददाता)। सस्टेनेबल यूटिलाइजेशन एंड कंजर्वेशन ऑफ बायलॉजिकल वेल्थ पूरक का लोकार्पण तथा विमोचन फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी तथा गढ़वाल विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति प्रो संतोष कुमार ने किया । पुस्तक को डीएसबी परिसर के रसायन शास्त्र प्रो गीता तिवारी ,डॉक्टर पैनी जोशी ,इंग्लिश के डॉक्टर दीपिका पंत ,वनस्पति विज्ञान के प्रो ललित तिवारी तथा जैव प्रौद्योगिकी के डॉक्टर संतोष उपाध्याय द्वारा संपादित किया गया है ।पुस्तक में 16शोध पत्र शामिल है जिसमें उत्तराखंड , यूपी,बिहार ,गुजरात ,हिमाचल प्रदेश ,ऑस्ट्रेलिया के शोधार्थी शामिल है ।पुस्तक में संरक्षण के नई तकनीक तथा पौधो के न्यूट्रा सी मूल्य, के साथ कॉस्मेटिक, नैनों मेडिसिन , के साथ रीजेनरेशन ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स के बारे में शोध शामिल किया गया है ।पुस्तक सतत विकास की तरफ कारगर है ।पुस्तक का आमुख प्रो प्रदीप जोशी चेयरमैन एनटी ए तथा पूर्व चेयरमैन यूपीएससी ,सीजीपीएससी ,एमपीपीएससी ने लिखा है । 300पेज की पुस्तक को इंदु बुक सर्विसेज न्यू दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है तथा मूल्य 4995 रुपया है । पुस्तक शोध ार्थियों के लिए पर्यावरण ,फार्मा ,जैविक संसाधन शोध के लिए लाभ प्रद है ।इस अवसर पर प्रो एसपी सिंह ने कहा पुस्तके व्यक्तिव बनाती है जो ज्ञान के साथ नए शोध को प्रेरित करते है हिमालय शोध की खान है ।प्रो संतोष कुमार ने कहा कि नए शोध आयाम बताती है पुस्तके ।कार्य क्रम में डीन प्रो चित्रा पांडे ,डीन प्रो जीत राम , पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो नीरजा पांडे प्रो राजीव उपाध्याय, प्रो गीता तिवारी, डॉक्टर जीसीएस नेगी प्रो आशीष तिवारी ,प्रो ललित तिवारी , प्रो सुषमा टम्टा ,प्रो नीलू लोधियाल ,प्री एलएस लोधियाल डॉक्टर नवीन पांडे डॉक्टर गगन होती ,डॉक्टर हर्ष चौहान , डॉक्टर हेम जोशी ,डॉक्टर प्रभा पंत , डॉक्टर गगन होती , डॉक्टर हेम जोशी डॉक्टर दीपक मेलकानी ,डॉक्टर नगमा परवीन सहित शोधार्थी एमएससी एवम बीएससी स्टूडेंट्स, शामिल रहे ।



# राजकीय महाविद्यालय में मनाया विजय दिवस

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एन.एस.एस., एन.सी.सी. और स्वीप के तत्वाधान में आज तिरपनवाँ विजय दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत- पाकिस्तान का युद्ध, शेख मुजीबुर रहमान, मुक्ति वाहिनी सेना, बांग्ला देश का निर्माण, और उसके निर्माण में भारत, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा की भूमिका पर बहुत विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाषा, अस्तित्व, पहचान और सुरक्षा को लेकर तेरह दिनों तक चले इस युद्ध में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराकर सोलह दिसंबर 1971 को विजय फतह की। इस जीत के बाद विश्वभर में भारत को देखने और उसके विषय में सोचने समझने के नजरिया में भारी परिवर्तन हुआ। विजय दिवस उसी 16 दिसंबर की महाविजय का गरिमापूर्ण भव्य आयोजन और सैन्य टकराव का पवित्र स्मरण है। प्रभारी प्राचार्या डॉ. मनुहार आर्य ने कहा कि आज का दिन वीर सपूतों के बलिदान, शौर्य स्मरण का और उन्हें श्रद्धांजलि देने का है। इस अवसर पर सोनम, शीतल, संजना, आरती, नेहा, शिवानी, रितिका, पलक, मनदीप कौर, सायबा अली, रीना कौर, और संध्या सागर द्वारा देशभक्ति गीतों पर मनभावन प्रस्तुति दी गई। बीए प्रथम सेमेस्टर की शुभांशी ने देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण देकर देकर सबका मन जीता। अंत में डॉ. संजय कुमार बिष्ट के सहयोग से संसद टीवी द्वारा निर्मित विजय दिवस से संबंधित वीडियो भी दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमकरण सोमन ने किया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. बीके जोशी, डॉ. जय सिंह, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, डॉ. विकास रंजन, डॉ. हितेंद्र शर्मा, सीनियर अंडर ऑफिसर असप्रीत सिंह, सीनियर अंडर ऑफिसर सोनम, अंडर ऑफिसर खुशी सुंदरियाल, एनसीसी सहायक हरीश बुंगला और विकास कुमार उपस्थित रहे।



# खेल हमारे स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी: राज्यपाल

## रेड ग्रांउड में 7वीं इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2023 का शुभारंभ किया, दस देशों के खिलाड़ी शामिल





देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को परेड ग्रांउड में 7वीं इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2023 का शुभारंभ किया। उत्तराखंड स्पोर्ट्स ताइक्वांडो ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। राज्यपाल ने ताइक्वांडो के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले खिलाडियों, जिनमें भारत की हिना हबीब और अमय चौहान, नेपाल के मास्टर नंदा बश्याल और चंद्र प्रकाश श्रेष्ट, कोरिया के मास्टर किम को लाईफटाइम एचीवमेंट पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने उद्घाटन सत्र में पहले मुकाबले में केन्या और भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों का उत्तराखंड में आयोजित होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी तो हैं ही वहीं हमारी मानसिक मजबूती के लिए भी अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल जहां स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं वहीं यह हमारी आत्मरक्षा में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल में दृढ़ता और संतुलन के साथ- साथ आत्म अनुशासन, नियंत्रण भी जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि खेलों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मौका भी मिलता है साथ ही साथ एकता की भावना भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हमारे युवा राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तरों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन वे प्रेरित होंगे और देश एवं विदेशों में यहां का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया गया है जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाडियों से यहां के पर्यटन और आध्यात्मिक स्थलों का भ्रमण करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र और पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों और उनके साथ आए सहयोगी अधिकारियों का स्वागत किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. एस.फारूख, आयोजन सचिव जावेद खान, नवीन अरोड़ा, डी.एस.मान, मनीष उप्रेती, नौमान फारूखी सहित विभिन्न देशों के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन में 51वें विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विजय दिवस पर डीएम भारतख्रपाक युद्ध में घायल भूतपूर्व सैनिको को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विजय दिवस के अवसर पर आयोजित चित्रकला, निबंध एवं कला, खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। जिलाधिकारी उदयराज सिंह तथा जिला सैनिक कल्याण एवम पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के शहीद सपूतो को श्रद्धांजली देने हेतु उपस्थित हुए हैं जिन्होने अपनी मात्रभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इन वीर सपूतों की याद में तथा इस युद्ध में भारत की पाकिस्तान पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में, हर वर्ष 16 दिसम्बर को इसे विजय दिवस के रुप में मनाया जाता है।वर्ष 1971 में 03 दिसम्बर को पाकिस्तान की सेना द्वारा भारत पर आक्रमण किया गया, 14 दिन तक चले इस गहन युद्ध में भारत ने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लगभग 15010 ज्ञड क्षेत्र पर उन्हें पीछे हटने को मजबूर कर दिया। भारतीय शसस्त्र सेनाओं के शौर्य, अदम्य साहस व पराकम के सामने 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। किसी देश की सेना द्वारा ऐसा सैन्य आत्मसर्मपण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था। इस युद्ध के फलस्वरुप एक नये स्वतन्त्र देश बंग्लादेश का भी जन्म हुआ। जिसे पूर्व मे पूर्वी पाकिस्तान के नाम से भी जाना जाता है। इस युद्ध में लांस नायक अलबर्ट एक्का, फ्लाईंग आफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, लेफ्टीनेंट अरुण क्षेत्रपाल एवं मेजर होशियार सिंह ने देश के लिए अपने अदम्य साहस, वीरता, पराकम एवं शौर्य का परिचय देते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया जिसके लिए उन्हें सवौच्च वीरता पदक परमवीर चक से सम्मानित किया गया। भारत पाकिस्तान युद्ध में उत्तराखण्ड के वीर सपूतों ने अपने अदम्य साहस की जो इबारत लिखी वह भारतीय शसस्त्र सेनाओं के इतिहास का गौरवशाली हिस्सा है। इस युद्ध में जनपद ऊधमसिंह नगर के 09 वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया तथा 02 सैनिक युद्ध घायल हुए। उन्होंने कहा कि आज का दिन समर्पित है उन शहीद सैनिकों को जिन्हौने अपना सर्वस्व देश की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए बलिदान कर दिया तथा उन सैनिकों को जिन्होंने इस युद्ध में अपने शौर्य व पराकम से दुश्मन सेना को पराजित किया। हमें पूर्ण विश्वास है कि, इन वीर सैनिकों की गौरव गाथा को देश हमेशा याद रखेगा तथा उनके शौर्य, पराकम व सर्वोच्च बलिदान से राष्ट्र प्रेरित होता रहेगा। इस अवसर पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसपी सीएस घोड़के, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, जिला सैनिक कल्याण एवम पुनर्वास अधिकारी, भूतपूर्व सैनिकों सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी पुष्पांजलि दी गई।

# मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाइलैण्ड में आयोजित वर्ल्ड एबिलिटी डिसेबल्ड स्पोर्ट्स गेम में पदक जीतकर लौटे शहर के दिव्यांग खिलाड़ी शरद जोशी, रविपाल, सत्य प्रकाश तथा कोच गोविन्द परिहार का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने अपने आवास पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उत्तराखण्डी टोपी पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर रामपाल सिंह ने कहा कि रूद्रपुर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने न सिर्फ इस प्रदेश का बल्कि पूरे देश का भी गौरव बढ़ाया है। ये खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होनें बताया कि डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी के द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो कमरे और शौचालय का निर्माण कराए जाने के लिए ज्ञापन दिया गया था जिसका प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड की बैठक में पास कराया गया है आगे भी उनके स्तर से जो भी संभव होगा दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए किया जायेगा। निवर्तमान मेयर ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। रामपाल सिंह ने कहा आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिससे हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।खेल महाकुंभ प्रदेश में बेहतर खल वातावरण तैयार करने में वरदान साबित होंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य के अथक प्रयासों से 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी भी उत्तराखण्ड को मिली है इससे प्रदेश में खेल प्रतिभाओं का हौंसला और भी बढ़ेगा।

# वाणिज्य न्यायालय की स्थापना को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊ परिक्षेत्र में वाणिज्य न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन प्रेषित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता पुरन चंद्र भगत द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया कि ऋण देने वाली वित्तीय सस्थाओ को अनेक कठिनाई का सामना ऋण वसूली में हो रहा है। उसका कारण वाणिज्य न्यायालय का कुमाऊ परिक्षेत्र में न होना है। जिससे अनेक कठिनाइयों का सामना वादकारियों को भी उठाना पड़ रहा है। उक्त न्यायालय की स्थापना से जहा वादकारियो का हित सर्वोपरी की संगठन की अवधारणा सफल होगी। वही बट्टा खाता कम करने में सहायता होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालो में वरिष्ठ अधिवक्ता एनके जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन उमेश जोशी, सयोजक ललित मोहन जोशी, प्रशांत भगत उपस्थित रहे।



# 40 लोगों ने ली एकम सनातन पार्टी की सदस्यता

गदरपुर (उद संवाददाता)। एकम सनातन भारत दल के सात सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए 40 लोगों ने इस राजनीतिक दल की सदस्यता ली और पूरे क्षेत्र में पार्टी का संदेश फैलाने का संकल्प भी लिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बक्सा जनपद के प्रमुख नेता कुँवर किट के प्रयास से निकटवर्ती गाँव अहमदनगर में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दलों के 40 लोगों ने एकम सनातन भारत पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ महाजन ने पार्टी के कार्य सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. ए-महान ने कहा कि जो गद्दार सनातन को नष्ट करना चाहता है वह स्वयं नष्ट हो जाएगा। पार्टी के जिला अध्यक्ष हरचरण सिंह चन्ना ने राजेनु मोदी को मकरपुर प्रखंड के एकमस्नान दल का प्रखंड मंत्री नियुक्त किया। बैठक की अध्यक्षता कुँवर सिंह ने की। इस मौके पर छात्रों के बीच पार्टी के कार्यों का विश्वास दिलाने के लिए सनातन छात्र शक्ति को भी मजबूत किया गया और आशीष कुमार थे । सनातन छात्र शक्ति के स्थानीय निकाय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर डा. रकमहदन हरचरन सिंह चांटा, कुँवर सिंह, चेतराम सिंह, राजेंद मौर्य, आशीष कुमार, गोपाल कश्यप, सुमित कुमार, विपिन कुमार, राजेश कुमार, सोमपाल सुमन देवी, चंदा गौतम, सुनीता देवी, पिंकी, राजवती, हरनारी कलावानी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# विकसित भारत यात्रा में हो महिलाओं की सक्षम भूमिका : त्रिवेंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को 36 प्रशिक्षण आरक्षण बताता है हमें विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं की सक्षम भूमिका चाहिए। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रेस वार्ता मेंपत्रकारों को 16 दिसंबर 1971 युद्ध में विश्व की सबसे अनोखी जीत पर विजय देश को बधाई दी। जिसके नायक फील्ड मार्शल मानिक शाह पर बनी फिल्म सेम बहादुर को अवश्य देखें। उन्होंने कहा आज भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बना है। जल थल अंबर और अंतरिक्ष में भी हमने अपनी महारत हासिल की है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय महिलाओं, युवाओं, ओबीसी, एसटी, सामान्य एससी आदि समाज के सभी वर्गों ने खुलकर नरेंद्र मोदी के कार्यों पर मोहर लगाई है।370 35ए पर सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम निर्णय आया। उसे लागू होना चाहिए। देश के सभी सीमावर्ती राज्यों का अभूतपूर्व विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता रहा है। देश में अभूतपूर्व विकास की गंगा बह रही है। भारतीय सड़क नेटवर्क विश्व में अमेरिका के बाद दूसरा हो गया है। विश्व स्तरीय रेल प्लेटफार्म बना रहे हैं 2025 तक लगभग 500 वंदे भारत ट्रेन चलना आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्च 2024 से स्लीपिंग कोच वाले बंदे भारत ट्रेन भी आरंभ हो रही है। उन्होंने बताया कि पर्वतमाला परियोजना में अगले 5 वर्षों में केदारनाथ, काशी केदार, बद्री महाकाल के साथ अब अयोध्या का भी भव्य विकास हो रहा है। उन्होंने बताया आत्मनिर्भर भारत तथा



रक्षा उपकरणों मोबाइल और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी क्षेत्र में भी भारत तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है। इससे लाखों नए रोजगार सृजित हो रहे हैं। हम तेल और कोयले के आयात को भी निरंतर कम करते जा रहे हैं। 2025 तक 76 गीगावॉट सौर और पवन ऊर्जा का लक्ष्य भारत में रखा है। इससे कोयले के आयात पर ही प्रतिवर्ष 15 लाख करोड़ से अधिक बचत होगी। कुछ लोग अलगाववाद, जातिवाद, आतंकवाद और भ्रम फैलाकर भारत की प्रगति को रोकना चाहते हैं। भारत की जनता उन्हें एक-एक कर हास्ये पर कर रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड हमेशा प्रधानमंत्री की प्राथमिकता रहा जो वेदर रोड ईई ऋषिकेश कर्ण प्रयाग रेल चंपावत पिथौरागढ़ से लेकर चमोली उत्तरकाशी तक सीमा सड़कों का विकास तेजी से हो रहा है। हाल में सिल्कक्यारा सुरंग हादसे में प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता और तत्परता सारी दुनिया ने देखी। सभी 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी।यात्रा सीजन की समाप्ति के बाद भी देश दुनिया के पर्यटकों को खींचने को उत्तराखंड के पास बहुत कुछ है। जागेश्वर डोल आश्रम गोलज्यू बागनाथ बैजनाथ मंदिर मायावती आश्रम के साथ ही अनेकों ट्रैकिंग रूट हैं। भीमताल तो उत्तराखंड के साथ भारत का पैराग्लाइडिंग डेस्टिनेशन बन चुका है। कैंची धाम, नीम करोली बाबा आश्रम भारत के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पहचान बन चुका है। हरिपुरा टिहरी झील आदि वाटर गेम्स के रूप में तेजी से पहचान बना रहे हैं। 8 दिसंबर को देहरादून में प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी आदर्श स्थान है। निश्चित ही इस ब्रांडिंग के बहुत सुंदर परिणाम हम सभी को भविष्य में देखेंगे। सोलर फार्मिंग होम स्टे वैलनेस बागवानी आदि अनेकों क्षेत्र में स्वरोजगार के परिणाम देखने लगे हैं। आप पढ़े-लिखे युवा भी इस दिशा में आकर्षित होने लगे हैं। मंच में प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र नेगी, महेन्द्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ : चुघ

## नगर निगम में किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर निगम सभागार में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा विधान सभा क्षेत्र के संयोजक एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के विधान सभा क्षेत्र के संयोजक एवं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर संपूर्ण भारत वर्ष के समस्त नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। जिसमे लोगों को प्रचार वाहन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की संपूर्ण



जानकारी लोगों को देकर इसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ दूरस्थ पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों तक भी पहुंचाया जा रहा है। श्री चुघ ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही योजनाओं से संबंधित पात्र लोगों से आवश्यक फार्म भी भरवाए जा रहे हैं। जिन लोगों को किसी भी विभाग से संबंधि त कोई समस्या है तो उसका भी मौके पर समाधान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के द्वार पहुंच कर आम जनता की साथी बनकर कार्य कर रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आम जनता की सेवा के लिए निरंतर जुटे हुए हैंउन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार जनता के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतर रही है। जिसका प्रमाण हाल में हुएविधान सभा के चुनाव परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की मजबूत अर्थ व्यवस्था बन रहा है। वहीं उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक घराने उद्योग लगाने पर सहमत हुए हैं। जिससे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। इस दौरान विधायक शिव आरोरा संकल्प यात्रा के जिला संयोजक राकेश सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष विनय बत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, मोहन तिवारी, पूर्व पार्षद विधान राय, शिव कुमार गंगवार, सुनील ठुकराल, राज कोली, भुवन गुप्ता, शैलेंद्र रावत, विनय राय, प्रमोद शर्मा, महेंद्र शर्मा, अमित गौड़, सुनील बाबा, राजकुमार कोली, ललित बिष्ट, हरीश चौधरी, सन्नी पासवान, गुलशन गुप्ता, भगत जी, बृजेश सिंह, अभिषेक कुमार, अरुण रस्तोगी, सपन मंडल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबीमाल आदि मौजूद थे।

# वृंदावन के भजन गायक कल रूद्रपुर में मचाएंगे धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीआई रूद्रपुर क्वींस चैप्टर द्वारा 18 दिसंबर को होटल रेडिसन में नट- वृद्धा नामक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें वृंदावन से पधारे ब्रिज कीपर्स गायक ध्रुव शर्मा एवं श्रीमति स्वर्ण श्री अपनी टीम के साथ पधारेंगे और सबको राधा- कृष्ण के सुंदर भजनों -नृत्य के माध्यम से भाव विभोर करेंगे। कार्यक्रम सायं 6 बजे आरंभ होगा। जेसीआई रूद्रपुर क्वीन्स की



महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में जेसीआई जोन-2 के उच्च अधिकारी भी उपस्थित होंगे। क्वींस की अध्यक्ष जेसी अनुराधा जैन लोहिया ने बताया कि मानवता की सेवा ही जीवन का सर्वोत्तम कार्य हैं को सार्थकता प्रदान करते हुए विश्व दिव्यांग माह में जीवन आशा हॉस्पिटल ,मुराद नगर गाजियाबाद , मरीजों की सहायतार्थ हेतु यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने रूद्रपुर वासियों से भी दिव्यांग व्यक्तियों की सहायतार्थ आगे आने की अपील की।

# गुण्डा एक्ट के आरोपी को किया जिला बदर

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में पंजीकृत एक अभियुक्त को न्यायालय के आदेश पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत 5 माह के लिये जिला बदर किया है। अभियुक्त को निर्देशित किया गया कि वह 5 माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश नही करेगा व जहां भी निवास करेगा वहां के स्थानीय पुलिस थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। अन्यथा उसके विरुद्ध आदेश का उल्लंघन करने में नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्यवाही अमल में की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपिन ठाकुर पुत्र अतर सिंह निवासी आवास विकास को पुलिस ने देर रात्रि कोतवाली जनपद उधम सिंह नगर की सीमा के बाहर कर दिया।



# विधायक ने किया युवा सिख सम्मेलन में जुटने का आहवान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 18 दिसम्बर को रुद्रपुर में प्रस्तावित युवा सिख सम्मेलन की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। विधायक शिव अरोरा ने भी वाले हैं ओर उनके साथ मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, उत्तर प्रदेश सरकार में जलशक्ति राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख शामिल होंगे, जिसमे हजारो की सख्या में के माध्यम से सम्मेलन को सफल बनाने का आहवान किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सिख समाज के सम्मान में लगातार भव्य होने जा रहा है जिसमे विधानसभा रुद्रपुर से भी बड़ी संख्या में लोग गिल रिर्जोट युवा सिख सम्मेलन में शामिल होंगे ।इस दौरान अमित नारग, अनमोल विर्क,





सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान शिव अरोरा ने कहा कि सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रहने युवा सिख समाज के लोग शिरकत करेंगे। शिव अरोरा ने युवा सिख सम्मेलन को लेकर बिगवाड़ा,बिंदुखेड़ा, धौलपुर, आवास विकास ,बराड़ कालोनी में बैठक कार्य कर रहे हैं तो वही हमारे युवा मुख्य मंत्री पुष्कर धामी भी प्रदेश हित मे लगातार कार्य कर रहे हैं, विधायक शिव अरोरा ने बोला कार्यक्रम ऐतिहासिक और सुरमुख सिंह विर्क, किरन विर्क, गुरचरण सिंह, हरीश भट्ट, गुरबाज सिंह, रणजीत सिंह, सर्वजीत सिंह:, जितेंद्र संधू, राजेन्द्र पाल खेरा, गजेंद्र प्रजापति आदि मौजूद थे।

# आरएएन स्कूल में कैरियर परामर्श कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल के सभागार में कक्षा दसवीं के छात्र- छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु कैरियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की आराधना के साथ ही कार्यशाला का आरंभ हुआ। विद्यालय अध्यक्ष विंग कमांडर एच. के. राय ने बच्चों एवं अभिभावक गण को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को केंद्रित रखकर ही कक्षा ग्यारहवीं में विषय का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने बच्चों एवं माता-पिता को की शंकाओं का समाधान किया। सबके साथ सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यदि आरंभ से ही विषय चयन पर ध्यान रखा जाए तो पढ़ाई के दबाव को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किस विषय के साथ किस विषय को लिया जाए जिससे बच्चे प्रसन्नता पूर्वक पढ़ाई करते हुए अच्छे अंक के साथ अपना लक्ष्य सुनिश्चित करके अपना भविष्य उज्ज्वल बना सके। इस सुअवसर पर विद्यालय निदेशक श्रीमान मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे। इस प्रकार कार्यशाला सूक्ष्म जलपान एवं राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुई।





# रात्रि में घूमकर बांटे गरीबों को कंबल

हल्द्वानी (उस संवाददाता)। देर रात्रि वंदे मातरम ग्रुप द्वारा सर्द भरी रातों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों रोडवेज, रेलवे स्टेशन, महिला अस्पताल, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, बरेली रोड, रामपुर रोड सहित पूरे शहर में घूम कर जो गरीबलोग खुले आसमान के



नीचे फुटपाथ पर सो रहे थे उनको ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए। उन्होंने सभी लोगों से भी निवेदन किया अगर उनके आसपास भी ऐसे कोई लोग हो तो उनकी मदद जरूर करें। अगर आप नही कर सकते तो इस संस्था को सूचित करे। ताकि इस ठंड में किसी की जान रजाई कंबल के अभाव में न जाए। यही वंदे मातरम् ग्रुप का संकल्प है। सभी इस संकल्प में जुडकर संस्था का साथ दे। इस मौके पर शैलेंद्र दानू, अभिनव वार्ष्णेय, विशाल चौधरी, पंकज दानू, गौरव पांडे, योगेंद्र रौतेला आदि रहे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री

सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप और नसीहतों के बावजूद तमिलनाडु और केरल में सरकार और राज्यपाल के बीच रिश्ते तकरार के ही बने हुए हैं। केरल के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तो अब सार्वजनिक मंचों से भी एक-दूसरे के खिलाफ जुबानी जंग शुरू कर चुके हैं। उस तल्खी में भाषा की मर्यादा भी लांघने की कोशिश नजर आती है।राज्यपाल इस बात से आहत हैं कि केरल सरकार विश्वविद्यालयों के सीनेट सदस्यों के मनोनयन में उनकी अवहेलना कर रही है। उन्होंने खुलेआम कहा है कि वे ऐसे मनोनयन को रद्द कर देंगे। उधर मुख्यमंत्री ने उन्हें 'अवसरवादी' तक कह दिया। उधर तमिलनाडु के राज्यपाल सरकार द्वारा विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने के बजाय लटकाए हुए हैं।एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने सलाह दी है कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल को आमने-सामने बैठ कर अपने मतभेदों को सुलझा लेना चाहिए। हालांकि अदालत यह बात पहले भी कह चुकी है। पंजाब के मामले में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए यहां तक कह दिया था कि इसे सभी राज्यपालों को समझने की जरूरत है। मगर तमिलनाडु के राज्यपाल अपने रुख पर कायम रहे। फिलहाल तमिलनाडु मामले की सुनवाई अगले महीने तक के लिए टाल दी गई है, मगर इसमें भी जो फैसला आएगा, स्पष्ट है कि वही होगा, जो पंजाब के मामले में था। दरअसल, केरल और तमिलनाडु के राज्यपाल इस बात से आहत हैं कि इन दोनों राज्यों की सरकारों ने विधानसभा में विधेयक पारित कर राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति पद से बेदखल कर दिया। हालांकि इन दो राज्यों के अलावा राजस्थान, पश्चिम बंगाल और पंजाब सरकार ने भी इसी आशय का विधेयक पारित किया था।दरअसल, यह झगड़ा इसलिए शुरू हुआ था कि राज्य सरकारों द्वारा कुलपतियों के प्रस्तावित नामों पर राज्यपाल आपत्ति जताने और विश्वविद्यालयों की सीनेट में दखल देने लगे थे। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से पश्चिम बंगाल और पंजाब में इसे लेकर तकरार थम गई, मगर तमिलनाडु और केरल में बरकरार है। उसी के बहाने दूसरे विधेयकों को भी राज्यपाल लटका देते हैं, जो जनहित से जुड़े होते हैं। तमिलनाडु के मामले में सुनवाई के वक्त सरकार के वकील ने कहा भी कि इस झगड़े को आपस में बैठ कर सुलझाया नहीं जा सकता, अदालत के आदेश से ही इसका निपटारा हो सकेगा।यह विडंबना है कि एक चुनी हुई सरकार के फैसलों में राज्यपाल नाहक हस्तक्षेप कर गतिरोध पैदा करने की कोशिश करें और फिर वह झगड़ा अदालत को सुलझाना पड़े। राज्यपाल के अधिकार संविधान में स्पष्ट वर्णित हैं। उन्हें चुनी हुई सरकार की सलाह और सहयोग से राज्य में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का दायित्व है।मगर पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि जिन राज्यों में केंद्र के विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां राज्यपाल और सरकार के बीच अक्सर तनातनी का वातावरण बन जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं- वे विधेयक को पास करें, लौटा दें या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें।संविधान के मुताबिक किसी विधेयक के लौटाए जाने पर अगर विधानसभा फिर उसे पारित कर देती है, तो राज्यपाल के पास उसे मंजूरी देने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता। इसलिए कई राज्यपाल विधेयक को लटकाए रखने का रास्ता अख्तियार करते हैं। जाहिर है, यह लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है।

# स्कार्पियो सवार बदमाशों ने उखाड़ा एसबीआई का एटीएम

रूड़की। स्कार्पियो सवार बदमाश रुड़की लक्सर मार्ग स्थित नगर पंचायत ढ़डेरा में शिव मंदिर के सामने लगे एसबीआई के एटीएम को उखाड़ ले गए। जिसमें लाखों रुपए की नकदी बताई गई है। घटना का पता उस समय लगा जब लोग



सुबह घूमने निकले। इसके बाद सीसीटीवी खंगाले गए तो लुटेरे स्कॉर्पियो से आए और एटीएम को उखाड़ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। कोतवाली प्रभारी आरके कॉलोनी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के जरिए बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। बताया कि एटीएम में लाखों रुपये की नकदी थी। रकम को लेकर बैंक अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है।

# गांधी पार्क मेले से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क में लगा मेला वाहन चोरों के निशाने पर आ गया है। गत सायं गिरोह ने फिर से बाईक चोरी कर ली। मामले की सूचना पुलिस की दे दी गई है। अभिलाश बक्शी पुत्र सुखरंजन बक्शी निवासी ग्राम पिपलिया नंबर 2 गदरपुर ने कहा है कि 16 दिसंबर को शाम उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 06ए एफ 5562 को गाँधी पार्क, में लगे मेले के गेट पर लोक करके खड़ा किया था। इसके बाद वह मेले के अन्दर चला गया। जब वापस आया तो उसकी मोटर साइकिल अपनी जगह नहीं खड़ी थी। पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला है कि एक अज्ञात लड़का उसकी मोटर साइकिल को मेले के गेट से चोरी करके ले गया है।

# कार की टक्कर सें युवक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप एवसे घायल हों गया। कार सवारव्यक्ति उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय छोड़कर फरार उहो गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कान्ति कोली पुत्र मंगली राम निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने कहा है कि 16 दिसम्बर को प्रातः उसका भाई प्रेम कोली घर से मजदूरी का काम करने के लिए निकला था। बिलासपुर रोड पर डिग्री कालेज के गेट के सामने खड़ा होकर किसी से बात कर रहा था तभी कार संख्या यू.के.06ए.ई. 0774 के अज्ञात चालक ने भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर में खुली एवं गुम चोटे आई और उसके कानों से काफी खून निकलने लगा। कार चालक भाई को अपनी कार में डालकर कुछ निजी हास्पीटल से होकर गौतम हास्पिटल पहुंचा। घायल भाई को वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जल विद्युत निगम के एमडी ने सीएम को सौंपा लाभांश का चैक

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के 23वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को जल विद्युत निगम के एम.डी. ने 20 करोड़ 09 लाख 58 हजार 211 रूपये का लाभांश का चेक भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में लक्ष्य से अधिक निवेश प्रस्तावों में ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने जल विद्युत निगम से 2030 तक विद्युत उत्पादन के लक्ष्य 2200 मेगावाट को और अधिक बढ़ाए जाने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने यूजेवीएनएल के कॉर्पोरेट भवन का लोकार्पण के साथ ही सी.एस.आर के तहत सरस्वती विद्या इण्टर कॉलेज भानियावाला को दी गई बस को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जल विद्युत निगम प्रदेश में उद्योगों की विद्युत जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देना सुनिश्चित करें।

# युवक को कमरे में बंद कर पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला पक्का खेड़ा में एक युवक को कुछ लोगों ने अपने घर के कमरे में बंद कर पीट दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में लक्ष्मी पत्नी स्व. जगदीश निवासी पक्का खेडा वार्ड 19 ने कहा है कि 8 दिसम्बर को शाम उसके पुत्र लक्ष्मण को मोहल्ले में रहने वाली नूरी व उसके परिवार के लोगो ने अपने घर में खीच लिया और उसको कमरे में बन्द करके मारा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 237 पाउच कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा देर रात्रि में 237 पाउच कच्ची शराब लेकर जा रहे एक युवक गिरफ्तार किया है। जबकि उससे बरामद बगैर नंबर की मोटरसाइकिल को सीज किया है। उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत ने बताया कि देर रात्रि चेकिंग के दौरान नानक नगर बंडिया के पास एक बगैर नंबर की डिस्कवर मोटर साइकिल से युवक आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रोक कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम ओमपाल सिंह उर्फ चिंटू पुत्र अमरपाल निवासी चीनी मिल गेट नंबर 4 किच्छा बताया चेकिंग के द्वारा उससे मोटरसाइकिल में रखी हुई 237 पाउच कच्ची शराब लगभग 80 लीटर बरामद की गई जिस पर कार्यवाही करते हुए युवक को जेल भेज दिया गया तथा मोटरसाइकिल को सेट कर दिया गया मामले की विवेचना नीलम मेहरा को दी गई है।

# कच्ची शराब के साथ महिला तस्कर को किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर कुंडा पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। जानकारी के मुताबिक कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने भरतपुर के आसपास केसरी गणेशपुर की रहने वाली लखविंदर कौर उर्फ लक्ष्मी पत्नी सतनाम सिंह को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसकी कब्जे से 12 लीटर अवैध जहरीली शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार महिला तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# घरों में कैद हुए ग्रामीण: कुमाऊं कमिश्नर को हिंसक बाघ पकड़ने के लिए ज्ञापन सौंपा

नैनीताल। नरभक्षी के हमले में दो महिलाओं की मौत के बाद से भीमताल ब्लॉक के मलुवाताल और पिनरों के ग्रामीणों में भय का माहौल है। नरभक्षी के भय से ग्रामीण शाम चार बजे बाद अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। वन विभाग की टीम बाघ विशेषज्ञों के साथ मलुवाताल, पिनरों, हैड़ाखान, दुदुली, अम्दौ समेत अन्य गांवों में जुटी है। मलुवाताल और पिनरों क्षेत्र में वन विभाग की ओर से लगाए ट्रैप कैमरे में तेंदुए की फोटो कैद होने के साथ हैड़ाखान के भूडिया गांव के गौला नदी में बाघ के पगचिह्न मिले हैं। वन विभाग की ओर से मलुवाताल से पिनरों के बीच 9 पिंजरे लगाए गए है। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में बाघ और तेंदुए की मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। उम्मीद है जल्द ही नरभक्षी को पकड़ लिया जाएगा। शनिवार को भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से बाघ के आतंक से निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। कैड़ा ने वन मंत्री से बाघ को पकड़ने के लिए बाघ विशेषज्ञों की संख्या के साथ वनकर्मियों की टीम भी बढ़ाने की मांग उठाई है। भीमताल के मलुवाताल समेत अन्य गांवों में बाघ और तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने के लिए कांग्रेसियों और जनप्रतिनिधियों ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को ज्ञापन सौंपा। मनोज शर्मा ने कमिश्नर को बताया कि वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कमिश्नर से गांव में सोलर लाइट लगाने की मांग उठाई। इस दौरान भुवन दरमवाल, दयाकिशन बेलवाल, युगल किशोर पलड़िया आदि रहे। इधर, भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने शनिवार को पिनरों के डोब गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने नरभक्षी के हमले में मृत महिला के परिजनों से मुलाकात की। ब्लॉक प्रमुख ने जानवरों के चारे के लिए भूसा उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान तारा पलड़िया, लक्ष्मण सिंह गंगोला आदि रहे।

# ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार से जुड़े सुझाव कोर्ट में पेश

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर के अंदरूनी मार्ग स्नोव्यू, बिड़ला, जू रोड, सीआरएसटी स्कूल, हेड पोस्ट ऑफिस, सूखाताल, तल्लीताल धर्मशाला और अन्य मार्गों पर स्थित होटल स्वामियों और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अगली सुनवाई के लिए 14 फरवरी के बाद की तिथि नियत की है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक और पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में स्थानीय लोगों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन और अन्य संस्थाओं के साथ हुई बैठक की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी ने पार्किंग की सुविधा पर जोर दिया। लोगों ने मेट्रोपोल पार्किंग का निर्माण, हनुमागढ़ी से रानीबाग तक रोपवे का निर्माण, शहर में जहां सरकारी व निजी भूमि खाली पड़ी है उन जगहों पर छोटी-छोटी पार्किंग, शहर में छोटे विद्युत चालित वाहनों का संचालन करने और स्थानीय लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग में 30 प्रतिशत वाहन खड़े करने की छूट सहित कई अन्य सुझाव दिए गए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार अधिवक्ता श्रुति जोशी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि शहर के अंदरूनी मार्गों पर स्थित होटल स्वामियों व स्थानीय लोगों की ओर से रोड पर ही वाहन खड़े किए जा रहे है जिसकी वजह से जू रोड, बिड़ला रोड, स्नोव्यू सहित सीआरएसटी रोड पर जाम लग जाता है, जबकि शहर की 45 प्रतिशत आबादी इसी क्षेत्र में निवास करती है। जाम लगने से स्कूली बच्चे व कर्मचारी तय समय पर स्कूल और कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि जिन होटल स्वामियों की ओर से रोड पर वाहन पार्क कराए जा रहे हैं उनके वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करने के आदेश दिए जाएं। कहा गया कि दो दिन के लिए बिड़ला रोड के ट्रैफिक को व्यवस्थित किया जाए क्योंकि स्कूल में शीतकालीन अवकाश घोषित होने वाला है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से यह भी कहा कि स्थानीय लोगों के घरों को जाने वाले मार्ग खस्ताहाल में है उनका जीर्णोद्धार किया जाए। जिस पर कोर्ट ने जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को उन्हें पक्षकार बनाने को कहा है।

# राशन विक्रेताओं ने किया एक जनवरी से हड़ताल पर जाने का ऐलान

देहरादून। प्रदेश के सभी 9,500 सरकारी सस्ता-गल्ला विक्रेताओं ने एक जनवरी 2024 से बेमियादी हड़ताल पर जाने का एलान किया है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी ने कहा, राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, राज्य में राशन विक्रेता पिछले कई वर्षों से मानदेय देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार और केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ओर से इसकी अनदेखा की जा रही है। राशन विक्रेताओं को कोरोना के दौरान बांटे गए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लंबित लाभांश का भी भुगतान नहीं हुआ, जबकि एक्ट में व्यवस्था है कि राशन विक्रेताओं को इसका लाभांश मिलना चाहिए। , राशन विक्रेताओं के मानदेय का प्रस्ताव तैयार होने तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभांश और भाड़े की राशि का हर माह नियमित रूप से अन्य कर्मियों की तरह सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के खातों में भुगतान किया जाए। संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरीश पंत और महामंत्री संजय शर्मा ने कहा, हड़ताल के संबंध में खाद्य आयुक्त को बता दिया गया है। इस दिन से देशभर के राशन विक्रेता हड़ताल पर रहेंगे।

# बाईक सवार दो युवकों पर झपटा बाघ, अस्पताल में भर्ती

नैनीताल। रामनगर के हाथीडगर क्षेत्र में बाघ ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला किया है। दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज के अंतर्गत हाथीडगर क्षेत्र में हिंसक बाघ ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला किया है। दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज में बाघ ने हमले की एक और घटना को अंजाम दिया है। हाथीडगर में वन चौकी के पास बाइक सवार दो युवकों पर बाघ ने झपट्टा मारा है। इस हमले में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए हैं। चंद्रनगर मालधन के रहने वाले धर्मेश और जितेंद्र प्रसाद पर बाघ ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि धर्मेश बाइक चला रहा था जबकि जितेंद्र प्रसाद उसके पीछे बाइक में बैठा हुआ था। अचानक सड़क पर आए बाघ ने झपट्टा मारकर नीचे गिरा दिया। पीछे से धर्मेश का भाई दूसरी बाइक से आ रहा था, उसने शोर मचाया तब कहीं जाकर बाघ वहां से भागा। घायल धर्मेश और जितेन्द्र प्रसाद को संयुक्त चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही आप पोखरा रेंज के रेंज अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे हैं।

# प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए 1.35 करोड़ रुपये की धनराशि जारी

देहरादून। प्रदेश में गरीब एवं बेसहारा लोगों को शीतलहर के प्रकोप से बचाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धानी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 1.35 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।सभी डीएम से कहा गया कि इस धनराशि का उपयोग सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने, निशुल्क कंबल वितरण, रैनबसेरों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित जैसे कार्यों के लिए किया जाएगा।इस संबंध में सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले मंगलवार को देर सायं देहरादून शहर के कई क्षेत्रों का भ्रमण कर आईएसबीटी के समीप स्थित मलिन बस्ती में रह रहे लोगों का हालचाल जाना था।इस दौरान उन्होंने लोगों को कंबल आदि वितरित किए। इस मौके पर सीएम ने सभी डीएम एवं नगर आयुक्तों को बेसहारा एवं बेघर लोगों को सर्दी से बचाव की कारगर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने तहसील एवं ब्लाक स्तर पर यह व्यवस्था बनाने को कहा था। इसके लिए सभी एसडीएम को जिम्मेदारी दिए जाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए थे। अब सचिव आपदा प्रबंधन की ओर से राज्य आपदा मोचन निधि मद के रिस्पॉन्स और रिलीफ मद से एक करोड़ 35 लाख की धनराशि सभी जिलाधिकारियों को स्वीकृत की गई है। इसमें पौड़ी को 15 लाख और अन्य जिलों को 10-10 लाख की धनराशि दी गई है।

# अभिमान की आग से सब कुछ नष्ट हो जाता है: माता सुदीक्षा





रामनगर (उद संवाददाता)। अभिमान की आग से जलकर सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। यह शुभ भाव सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने यहां रेलवे ग्राउंड में आयोजित विशाल निरंकारी संत समागम में व्यक्त किये। समागम में रामनगर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों से सभी संतों ने हिस्सा लेकर सतगुरु माता जी के पावन प्रवचनों द्वारा स्वयं को निहाल किया। माता सुदीक्षा ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार इस स्थान का नाम रामनगर यानि राम का नगर अर्थात् जब रमे हुए राम को जान लिया जाए तो हर नगर हर स्थान ही राम यानि परमात्मा निरंकार का ही प्रतीत होता है। इंसान का जन्म भी इस रमे राम को जानने के लिए ही हुआ है जो कण कण में समाया हुआ है, जो सर्वव्यापक और सर्वत्र है। उन्होंने अपने पावन प्रवचनों में कहा कि इंसान को किसी भी बात का अभिमान नहीं होना चाहिए। अभिमान आग के समान होता है जिस प्रकार आग में कुछ भी डाला जाए तो सब कुछ नष्ट हो जाता है। ठीक उसी प्रकार अभिमान सब कुछ नष्ट कर देता है। जब जीवन में भक्ति आ जाती है तो अभिमान का भाव मन से खत्म हो जाता है। मनुष्य का कल्याण केवल विचार सुनने से नहीं अपितु उन विचारो को जीवन में उतारने से होगा। सत्संग से ही काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे भावो को दूर किया जा सकता है। माता जी ने कहा कि इंसान केवल शरीर को साफ करने की ओर अग्रसर है न कि आत्मा की शुद्धि पर। सत्संग ही एक मात्र माध्यम है जिससे हमारी आत्मा की सफाई हो सकती है और जब आत्मा साफ एवं निर्मल होगी तब ही परमात्मा भक्ति की ओर अग्रसर होती है। प्रभु परमात्मा की अनुभूति के बिना मानव जीवन सुन्दर नहीं हो सकता है। हर इंसान प्रेम और शांति से रहे, यही संदेश सभी संत महापुरूषों ने हर युग में दिया है। अंत में सतगुरु माता ने समस्त मानव जाति का जीवन भक्तिमय एवं सुखमय होने की शुभ भावना व्यक्त की और कहा कि पूर्ण भक्ति तो वास्तविक रूप में तभी संभव होती है जब वह निःस्वार्थ भाव से की जाये। समागम में पारंपरिक वेशभूषा में बहनों और भाइयों ने गीत और विचारों के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त किया। रामनगर के मुखी वृक्षाराम ने सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता का स्वागत एवं आभार प्रकट किया और साथ ही सत्संग हेतु प्रदान की गई सभी सुविधाओं के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## ग्राहक जागरण एवं पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय के सभागार में ग्राहक जागरण एवं पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किया गया। गोष्ठी का संचालन डॉ हेमंत सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा संगठन मंत्र से किया गया तत्पश्चात पूर्व राज्य सूचना आयुक्त विनोद नौटियाल ने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर करने संबंधित तकनीकी जानकारियां दी। उसके बाद कार्यक्रम में तमिलनाडु से आए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के तकनीकी विशेषज्ञ डॉक्टर जय गणेश जी ने ई ग्राहक सेवा एप के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से हमें प्लेटफार्म चार्ज तथा सेवा प्रदाताओं द्वारा लिए जाने वाले अधिक शुल्क की बचत होगी तथा लोगों को इस ऐप के माध्यम से रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने इस ऐप को अधिक से अधिक प्रसारित करने तथा इसका लाभ लेने का आह्वान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीश ने ग्राहक जागरण तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आज के समय में कंपनियां अपना सामान बेचने के लिए भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से हमें कैसे लूट रही हैं तथा इसे कैसे बचा जा सके और अच्छा मतलब ब्रांडेड या महंगा मतलब अच्छा की धारणा को बदलना होगा। हमें क्वालिटी के हिसाब से चयन करना होगा ना कि मूल्य या ब्रांड के अनुसार। व्यक्ति जन्म लेने से पहले तथा मृत्यु उपरांत तक ग्राहक रहता है। गोष्ठी के अंत में कार्यक्रम के संयोजक अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पर्यावरण आयाम के प्रांत पर्यावरण प्रमुख डॉ दिनेश कुमार सिंह जीने विश्वविद्यालय परिवार छात्र -छात्राओं एवं कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के क्षेत्र संगठन मंत्री लाखन सिंह, स्वर्ण जयंती समारोह समिति के संरक्षक कल्याण सिंह,विनोद नौटियाल, जागीर सिंह, तुलसी प्रसाद भट्ट, बृजेश सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र गंगवार, जिला संगठन मंत्री डॉ हेमंत सिंह चौहान, जिला सचिव डॉ संदीप मिश्रा, हेमलता तिवारी, कविता रानी तागरा सोनम आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने किया डा.अनिल और दिनेश आर्य का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यालय में कृषि उत्पादन बिपणन बोर्ड परिषद उत्तराखंड अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कपूर डब्बू और उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने दोनों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उनको बधाई दी। डॉक्टर अनिल डब्बू



और दिनेश आर्य ने सभी का आभार प्रकट करते हुए ईमानदारी से काम करने की बात कही। स्वागत करने वालों में प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जीवन सिंह कार्की, जसपाल कोहली, भुवन दर्मवाल, हर्ष जलाल, बृज मोहन सिजवाली, आफताब आलम, उमेश चंद्र बेलवाल, योगेश कांडपाल, रवि गुप्ता, बीके जोशी, नरेश चंद्र कांडपाल, जगजीत सिंह चड्ढा, राकेश वर्मा, मनोज शर्मा, प्रदीप पंत, बीसी तिवारी, नीरज पंत, आलोक, भानु बोरा, किरन बोरा सहित कई लोग शामिल थे।

# विजय दिवस पर शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को किया सम्मानित



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद नैनीताल द्वारा विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन खिलानंद चिलकोटी ने तथा संचालन प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्व सैनिक भुवन भगत ने किया। पारिषद जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह बडती ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का, 1971 में भाग लिए वीर सैनिकों का और युद्घ में अपने प्राणों का बलिदान देने वालों की वीर नारियों का सम्मान और स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त वीर सैनिकों और उनके परिवारों की भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान महापौर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला के पिता जी भी आर्मी में थे। विशिष्ट अतिथि कर्नल सुबोध शुक्ला, सेवा निवृत्ति, जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी जनपद नैनीताल कर्नल आलोक पांडे, सेवानिवृत्ति, निदेशक उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम, अतिथि कर्नल भूपेंद्र कुमार छीनमाल, कैप्टन पुष्कर सिंह भंडारी, जिला सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी, श्रीमती सुखविंदर कौर पूर्व बीडीसी सदस्य भारत-पाक युद्ध 1971 मैं अपने जीवन का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की वीर नारियां श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी स्वर्गीय सिपाही कृपाल सिंह, श्रीमती नंदी देवी पत्नी सिपाही मोहन चंद्र, श्रीमती कलावती देवी पत्नी स्वर्गीय हवलदार शेर सिंह श्रीमती माधवी देवी पत्नी स्वर्गीय सिपाही ध्यान सिंह मौजूद रहेस 1971 के युद्ध के हीरो खुशाल सिंह, खिलानंद चिलकोती, सतीश चंद्र, हवलदार पुरुषोत्तम जोशी, हवलदार पदीराम, हवलदार अजय शर्मा सहित जिसमें सु.मे. हरीश बिष्ट, पूर्व सैनिक भुवन, कोषाध्यक्ष सु.मे. गिरधर सिंह रावत, कै. दया किशन जोशी, कै. खुशाल मेहरा, सु. गोपाल सिंह दसौनी, इ. बिशन सिंह बिष्ट, सु. रामसिंह डोभाल, सु. गणेश सिंह, सु.मे. अमर सिंह भदौरिया, सु. दान सिंह बुगला, कै. सोबन सिंह भड़, सु.मे. नारायण सिंह बोरा, कै. नारायण दत्त पाण्डेय, पूर्व सैनिक दया किशन, श्रीमती तारा देवी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**सड़कों पर उतरे ...**सरकार विरोधी नारे लगाये। जनसभा के दौरान लालकुआं खनन निकासी गेट के अध्यक्ष पंकज दानू ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 12000 वाहन खनन कार्य के लिए पंजीकृत किए गए हैं, जो कि ट्रक एवं ट्रैक्टर के रूप में संचालित किये जाते हैं। वर्तमान में इस कार्य में लगभग 2 लाख परिवार प्रत्यक्ष वह अप्रत्यक्ष रूप से इसी कार्य से अपनी आजीविका का निर्वहन कर रहा है और यही इनका लघु उद्योग और यही इनका एकमात्र रोजगार है। वर्तमान में क्षेत्र के खनन से जुड़े समस्त वाहन स्वामियों के मध्य आर्थिक भय एवं असमंजस की स्थिति पैदा हो गयी है। बरेली रोड संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा कि क्षेत्र की समस्त नादियों का निजीकरण किया जा रहा है। आज से 12 वर्ष पूर्व तक क्षेत्र में निजीकरण की व्यवस्था थी जिस कारण प्रकृति का भारी दोहन कर राजस्व को काफी हानि पहुंचाई गई, तथा काफी अराजकता का माहौल हुआ करता था। परिवहन विभाग द्वारा आधुनिक फिटनेस सेंटर का निजीकरण उत्तराखंड के जिला ऊधम सिंह नगर में आधुनिक फिटनेस सेंटर पर फिटनेस करने पर वाहनों से रु0 1800 से 4000 में होने वाली सरकारी फिटनेश शुल्क से रु0 12000 से 20000 तक की अतिरिक्त वसूली कर फिटनेस की जा रही है, इसी नैनीताल जिले में भी आधुनिक फिटनेस सेंटर का निजीकरण कर उपरोक्तानुसार धनराशि वसूलने का प्राविधान किया जा रहा है, जिसे बंद किया जाए। समिति के महामंत्री जीवन कबड़वाल ने कहा कि फिटनेस पूर्व की भांति परिवहन विभाग द्वारा खनन से जुड़े वाहनों पर भौतिक रूप से किया जाए। तथा खनन वाहनों में जी.पी.एस को बाध्य किया जा रहा है। खनन से जुड़े वाहन खनन क्षेत्र से मात्र 7 किलोमीटर की परिधि में अपना कार्य करते हैं जिस कारण उन वाहनों पर जीपीएस का अतिरिक्त बोझ न डालते हुए इसकी बाध्यता को समाप्त किया जाए। जनसभा के पश्चात खनन व्यवसाईयों ने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया इसके बाद सैकड़ो खनन व्यवसायी जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में पहुंचे जहां उन्होंने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपते हुए अविलंब मुख्यमंत्री से उनकी समस्याओं का समाधान करने को कहा।

**कार और बाइक की...** बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। वाहनों की टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने तक दोनों युवकों की सांसें थम चुकी थी। पुलिस दोनों को अस्पताल ले गयी जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मृतकों के परिजन भी पहुंच गये। घटना से दोनों युवकों के परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और दोनों वाहन भी कब्जे में ले लिये हैं।

**धोखाधड़ी कर ...** निकाल लिए जिसकी उन्हें भनक तक नहीं लगी किंतु जब उन्होंने अपने खाते की डिटेल चेक की तो उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके खाते से अज्ञात ने 75200 रुपये धोखाधड़ी करके निकाल लिए हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर यवाही शुरू कर दिए धोखाधड़ी के इस कार्रवाई की जांच कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा की जाएगी।

**फैक्ट्री में क्रेन ..**चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी मिलने पर उनका पर हाई हो गया। मृतक अपने दो बच्चों और पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया। घटना घटित होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने आक्रोश जाहिर किया। आरोपी की घटना के वक्त क्रेन ऑपरेटर को सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए गए थे। उधर दूसरी ओर घटना के बाद से मामले को रफा दफा करने के लिए फैक्ट्री के हर तथा टाइम ऑफिस के मैनेजर पोस्टमार्टम हाउस पर लगातार बने रहे। वहीं दोपहर 12बजे तक पोस्टमार्टम हाउस पर पुलिस के इंतजार के बावजूद मृतक के परिजन वहां नहीं पहुंचे। मृतक परिजनों का गुस्सा देखकर फैक्ट्री प्रबंधन के हाथ पांव फूल गए। मृतक के परिजनों का आरोप है की फैक्ट्री प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण क्रेन ऑपरेटर मौत के मुंह में चला गया।

## गाड़ी पलटने से बाल बाल-बचे तहसीलदार

बाजपुर। बाजपुर रोड क्षेत्र के अजीतपुर गांव के पास काशीपुर के तहसीलदार पंकज चंदोला की गाड़ी पलट गई। हादसे में तहसीलदार और उनके सहकर्मी बाल-बाल-बच गए। गनीमत रही कि सड़क किनारे खाई में गाड़ी पलटने के बावजूद किसी को कोई खरोंच तक नहीं आई। इसी समय पीछे से आ रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जिससे चर्चा फैल गई कि डंपर से टक्कर लगने के कारण तहसीलदार की गाड़ी पलट गई है। अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी ली सही तथ्य सामने आने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। बताया गया कि शनिवार शाम करीब सात बजे काशीपुर के तहसीलदार पंकज चंदोला अपने सहकर्मियों के साथ बाजपुर रोड पर एक शिकायत का निस्तारण करने के लिए गए। वापस लौटते समय जैसे ही ग्राम अजीतपुर के पास उनकी गाड़ी पहुंची तो पीछे हटाने के चक्कर में गाड़ी सड़क से उतरकर खाई में पलट गई। उस समय गाड़ी के पास से एक डंपर भी गुजर रहा था गाड़ी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डंपर भी पलट गया। दोनों वाहनों की दूरी होने के चलते किसी को खरोंच तक नहीं आई। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि वह और उनके सहकर्मी पूरी तरह सुरक्षित हैं। कोई दुर्घटना नहीं हुई है यह एक सामान्य हादसा है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सरकार की छवि पर कालिख पोत रही है आबकारी

## काशीपुर-जसपुर में जड़ जमा चुका है कच्ची व तस्करी के शराब का गैर कानूनी कारोबार
## मूल निवास से चंद किलोमीटर की दूरी पर दी गई है इंस्पेक्टर व एक सिपाही को पोस्टिंग

**मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जहां एक और जिले भर में पुलिस ने नशे के खिलाफ सघन अभियान छेड़ रखा है वहीं दूसरी ओर आबकारी जरायम कारोबार को संरक्षण देते हुए इसके एवज में हफ्ता वसूलने का काम कर रही है। आबकारी की इस करतूत की वजह से जहां एक और अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों को कहीं ना कहीं संरक्षण मिल रहा है वहीं दूसरी ओर अनगिनत परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। आबकारी पुलिस की गलत नीतियों के कारण अब तक सैकड़ो की तादात में लोग काल के गाल में चले गए लेकिन विभाग के अधिकारियों ने नीतियों में रद्दोबदल नहीं किया। ज्ञातव्य है कि काशीपुर जसपुर में पिछले लगभग वर्ष भर के करीब से अवैध शराब के गैर कानूनी कारोबार में तेजी से इजाफा हुआ है। इसके साथ ही पंजाब तथा हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही अंग्रेजी शराब की बड़े पैमाने पर खपत करने का मामला भी प्रकाश में है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग इस पर अंकुश लगाने के अब तक कोई कारगर प्रयास नहीं कर सका। कारणों के बारे में पता करने पर बताया गया कि मूल रूप से रामनगर जनपद नैनीताल निवासी आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह ने ऊपर के अधिकारियों से सेटिंग बनाकर सांठगांठ के बूते काशीपुर में पोस्टिंग ले ली जो इंस्पेक्टर के मूल आवास से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। अभी पिछले दिनों दायित्वों में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में इंस्पेक्टर सोनू सिंह को सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन जुगाड़ के बूते इंस्पेक्टर ने वापस काशीपुर में पोस्टिंग ले ली। आबकारी इंस्पेक्टर सोनू सिंह के कार्यकाल में काशीपुर व जसपुर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार व्यापक पैमाने पर फल फूल रहा है। सूत्रों का कहना है कि जसपुर तथा काशीपुर में इन दिनों प्रतिदिन लाखों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है। सूत्रों का कहना है कि खाईखेड़ा छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी कनकपुर खड़कपुर देवीपुरा रमपुरा के अलावा कुंडा थाना क्षेत्र समेत जसपुर के दर्जनों जगहों से आबकारी पुलिस जरायम कारोबार को बढ़ावा देने के एवज में बाकायदा हफ्ता वसूल कर रही है। आबकारी पुलिस की कार्यवाही में अक्सर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाता है। इसके अलावा आबकारी जल्दी अवैध कच्ची शराब के गढ़ में हाथ नहीं डालती। अभी तक आबकारी का रोना था कि महिला कर्मचारी ना होने की वजह से वह कारोबारी के घरों में रेड नहीं कर पा रही है लेकिन अब जबकि उसके पास महिला कर्मचारी भी मौजूद है छापा मार कार्यवाही के नाम पर औपचारिकता तक नहीं हो पा रही।

### सच्चाई छापने पर करते हैं गुंडागर्दी, देते हैं धमकी

काशीपुर। काशीपुर में आबकारी के अधिकारी कार्यवाही की जानकारी कुछ चुनिंदा पत्रकारों को देते हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसे पत्रकारों को आबकारी के अधिकारी समय-समय पर बोतल भी देते रहते हैं ताकि उनकी कारगुजारियों पर खाक डालते हुए उनकी झूठी तारीफ अखबारों में छपे। सच्चाई प्रकाशित करने पर अधिकारी गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते हैं। वह समाज के प्रभावशाली तथा अवांछनीय तत्वों से फोन कराकर पत्रकारों पर दबाव बनाने से भी पीछे नहीं रहते। कुल मिलाकर काशीपुर व जसपुर में आलम यह है कि आबकारी अवैध कच्ची शराब के छोटे से लेकर बड़े गैरकानूनी अड्डों तक पूरी तरह सामंजस्य बनाए हुए हैं।

### इंस्पेक्टर व सिपाही खा रहे हैं बड़ा खाना

काशीपुर। मूल रूप से महुआखेड़ा गंज का रहने वाला एक आबकारी का सिपाही सेटिंग के बूते गृह जनपद में जमा हुआ है। अपनी ही तहसील में पोस्टिंग लेकर सिपाही पर आरोप है कि वह दर्जनों अवैध शराब के कारोबारियों से इंस्पेक्टर की शह पर बाकायदा सुविधा शुल्क वसूल करता है। जानकार सूत्रों का कहना है कि आबकारी पुलिस इन दिनों सांप को मार दो और लाठी न टूटे वाली तर्ज पर काम कर रही है। बताते हैं कि कार्यवाही की औपचारिकता करने के लिए आबकारी के अधिकारी पहले अवैध कच्ची शराब अथवा तस्करी की शराब के कारोबारियों को सचेत कर देते हैं इसके बाद उनके गिरेबान पर हाथ डाला जाता है। अधिकांश कार्यवाही पूरी तरह षड्यंत्र के तहत किए जाने की बात सामने आ रही है।

### मनमाने रेट पर बिकती है शराब

काशीपुर।निर्धारित समय से पूर्व सुबह सवेरे ही यहां देसी शराब की तमाम कैंटीने खुल जाती है। सूत्रों की माने तो नियम विपरीत तरीके से खुलने वाली कैंटिनो में मनमानी धाम पर शराब बेचेजाने का काम किया जा रहा है। मुरादाबाद रोड पर जसपुर अड्डे के समीप, बाजपुर रोड अलीगंज रोड तथा दढियाल रोड पर यदि किसी को शराब चाहिए तो वह तड़के ही उपरोक्त स्थानों पर बहुत ही आसानी से देसी शराब हलक से नीचे उतार सकता है। जानकार बताते हैं कि निर्धारित समय से पूर्व शराब की मनमाने रेट पर बिक्री की जाती है। इसी तरह रात्रि में 10:00 बजे के बाद जब पूरी तरह से बाजार में सन्नाटा छाया रहता है इस दौरान देसी शराब के मयखाने पूरी तरह गुलजार रहते हैं।

# परिवहन विभाग की टीम ने चलाया सघन चैकिंग अभियान, मचा हड़कंप

## नशे में चूर होकर फर्राटा भरने पर पांच के चालान, चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद

काशीपुर(उद संवाददाता)। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अशीत कुमार झा द्वारा शराब की नशे में चूर होकर सड़कों पर फर्राटा भरने के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस एआरटीओ(प्रशासन) ने चेकिंग के दौरान पूर्व में चुराई गई मोटरसाइकिल को बरामद करने का काम किया। एआरटीओ के इस कार्य की बाइक स्वामी द्वारा प्रशंसा की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि उनके क्षेत्र में परिवहन से संबंधित कोई भी गैर कानूनी कार्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि यदि शराब के नशे में चूर होकर कोई भी वाहन चालक सड़कों पर फर्राटा भरत नजर आया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी संभाग संदीप सैनी और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) काशीपुर अशीत झा के संयुक्त निर्देशन में परिवहन विभाग की दो टीमों के द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन ) जितेंद्र चंद और परिवहन कर अधिकारी,



सचल दल काशीपुर अभिलाष गैरोला के नेतृत्व में 5 वाहन चालकों के चालान करते हुए इन्हें ताकीद किए गए। वाहन चालकों पर आरोप है कि उपरोक्त सभी पांचो शराब के नशे में चूर थे। इसी तरह परिवहन कर अधिकारी अभिलाष गैरोला की टीम द्वारा एक मोटर बाइक को रोका गया जिसमे नंबर प्लेट नहीं लगी थी। शक होने पर वाहन चालक का एल्कोमीटर के द्वारा रक्त में शराब की मात्रा की भी जांच की गई तथा शराब की मात्रा अनुमन्य सीमा से अधिक पाए जाने पर वाहन चालक को पुलिस अभिरक्षा में देकर वाहन की जानकारी वाहन के चेसिस नंबर से निकालकर वाहन संख्या क्स्/ैब्छ0806 को सीज कर दिया गया। कार्यवाही की जानकारी वाहन स्वामी अनंग पाल को मिलने पर उसने पूरी टीम का आभार जताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपने चोरी गए वहां के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मार्च 2023 में उसकी यह मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई थी। वाहन स्वामी द्वारा परिवहन की टीम का आभार जताया गया। उधर दूसरी ओर परिवहन विभाग की टीम द्वारा चलाए गए सघन अभियान से लोगों में हड़कंप देखा जा रहा है।

# बलराम नगर में आयोजित हुआ परिवार प्रबोधन कार्यक्रम



गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा परिवार प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलराम नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा घरोटे, प्रचारिका (अखिल भारतीय दायित्व) वनवासी कल्याण आश्रम रुद्रपुर एवं डॉ. श्रीमती सीमा अरोरा, पूर्व प्रांतीय महिला संयोजिका भारत विकास परिषद उत्तराखंड (पूर्व) प्रांत के द्वारा मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन के पश्चात राष्ट्रीय गीत से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बताया कि परिवार जो कि किसी भी राष्ट्र की प्रथम इकाई है, उसकी सही देखभाल करने से मातायें देश निर्माण में अपना योगदान कर सकती हैं। परिवार को इन 5 बिंदुओं पर ध्यान देकर संवारा जा सकता है- भजन, भोजन, भवन, भाषा और वेशभूषा। उन्होने लव जेहाद से अपनी युवा पीढ़ी को कैसे बचायें इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अन्त में सेनेटरी पैड और कैल्शियम की दवाइयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल लाभांवित परिवारों की संख्या 50 रही। कार्यक्रम में शाखा महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, शाखा एनीमिया मुक्त भारत प्रकल्प संयोजिका श्रीमती राशि मदान, शाखा अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा, शाखा सचिव प्रमोद बजाज एवं शाखा कोषाध्यक्ष श्री संजीव अनेजा, श्रीमती रूपा अनेजा, श्रीमती रूपा हुडिया, श्रीमती अनीता बत्रा, श्रीमती सुनीता ठुकराल के अतिरिक्त शाखा के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गायन और अल्पाहार वितरण के साथ किया गया।

# किसान आयोग के उपाध्यक्ष की शिकायत पर हुई रिपोर्ट दर्ज

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र की नानकसागर चौकी से लगे प्रतापपुर गांव में लगातार मोटर चोरियां हो रही थी, पुलिस में शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी की जा रही थी, उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह के खेत से भी चोरों ने मोटर चोरी कर ली, तब जाकर पुलिस ने उच्च अधिकारियों से शिकायत होने पर खेतवामियों की दर्जनों चोरी हुई मोटरों की रिपोर्ट दर्ज की, भाई प्रतापपुर में एक घर में चोरी की रिपोर्ट डेढ़ महीने बाद दर्ज की गई, जिससे साफ प्रतीत होता है कि पुलिस चोरी की सूचना दर्ज करने मे भी आनाकानी कर रही है।

# दुकान की दीवार तोड़कर 80 हजार के सूट चोरी

## नानकमत्ता में चोरों का आतंक: पड़ोस की दुकान की दीवार तोड़कर छः कट्टे धान भी ले गए चोर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के बिडोरा मझोला में हाईवे पर स्थित दो दुकानों की दीवार तोड़कर चोरों ने 80 हजार के कीमती सूट समेत अनाज के गोदाम से धान के कट्टे चोरी कर लिए। दो दुकाने में हुई चोरी की वारदात पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है, ग्राम मोहम्मद गंज थाना नानकमत्ता निवासी चरणजीत कौर पत्नी प्रदीप सिंह की बिडोरा मझोला में हाईवे न्यू फैंसी कलेक्शन के नाम से दुकान है,बीती रात्रि न्यू कलेक्शन की दुकान के पीछे से 9 इंच मोटी दीवार को तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे कीमती सूट चोरी कर लिए, जिनकी कीमत 80 हजार रुपए बताई जा रही है। चोरों ने दीवार के साथ ही दुकान का शटर भी आधा तोड़ दिया था, लेकिन शटर के आगे शीशा लगा होने के कारण चोर दुकान में नहीं घुस पाए। इसीलिए उन्होंने चोरी का रास्ता पीछे दीवार तोड़कर चुना। दीवार तोड़ने के बाद भी चोर अंदर घुसने में नाकाम रहे लेकिन इसके बावजूद भी एक कांटे के सहारे से



सूट निकलने में दुकान से कामयाब हो गए, दुकान स्वामी चरणजीत कौर ने बताया कि अगर चोर दुकान के अंदर घुस जाते तो पूरी दुकान लूटने की योजना थी, दुकान में लगती भी रखी थी, दुकान में चोरी करने आए चोर अपने साथ हथौड़े व संबल लेकर आए थे, जिसकी सहायता से ही उन्होंने दीवार तोड़ी, इसके साथ ही चोरों ने बगल वाली दीपक सिंह राणा की दुकान की दीवार तोड़कर धान के सात कट्टे चोरी कर लिए, घटना की सूचना मिलने के बाद कस्बा इंचार्ज लक्ष्मण जोशी ने मौके पर जाकर कई सीसीटीवी कैमरा की तलाश शुरू कर दी है।

# ताबड़तोड़ चोरी के बाद व्यापारियों में दहशत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की वारदात से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है, पुलिस के तमाम गस्त के दावे के बावजूद भी चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है, और न ही पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की जरूरत समझ रही है, 14 दिसंबर को चोरों ने खटीमा नागरिक अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट हरिश चंद्र सती के घर में घुसकर लाखों की ज्वेलरी व नगदी पर हाथ साफ कर दिया था, अगले ही दिन 15 दिसंबर को चोरों ने सिसई खेड़ा के मुख्य चौराहे पर स्थित सरकारी वाइन शॉप का ताला तोड़कर करीबन 86 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर दिया था, पुलिस अभी इन चोरियों का खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने तीसरे दिन पुलिस को चुनौती देते हुए थाना क्षेत्र से मात्र 3 किलोमीटर दूरी पर हाईवे पर स्थित बिडोरा मझोला में न्यू फैंसी कलेक्शन की दुकान में कई बार 80 हजार के कीमती सूट चोरी कर लिए, लगातार 3 दिन चोरी की वारदात से व्यापारियों में जहां दहशत का माहौल है, वही पुलिस की गस्त पर भी सवाल उठ रहे हैं, पुलिस ने अभी तक तीनों चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया है, कस्बा क्षेत्र में इसे पूर्व घर में हुई चोरियों का अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ है, लाखों की ज्वैलरी चोरी की तहरीर पहुंचने के बाद भी पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### चोरी का जल्द हो खुलासा: गुरनाम सिंह



नानकमत्ता।थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी के मामले को लेकर व्यापार मंडल में भी खासा आक्रोश है, नगर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री गुरनाम सिंह ने चोरी के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा है कि क्षेत्र में लगातार चोरी होने से जहां व्यापारी भयभीत है, वही चोर लगातार चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं, पुलिस को चोरियो का जल्द खुलासा करना चाहिए, उन्होंने चेतावनी दिए कि अगर जल्द छोरियों का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा।